## खबर संक्षेप

### मंडला अस्पताल में डॉक्टर से बदसलूकी पर विवाद



**मण्डला।** मंडला जिला अस्पताल में गुरुवार देर रात मरीज के परिजनों और ड्यूटी डॉक्टर के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इलाज कराने आए कुछ परिजनों ने डॉक्टर से गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया। उन्हें धमकी भी दी गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, घटना के समय अस्पताल की ओपीडी में एक गंभीर मरीज का इलाज चल रहा था। इसी दौरान दूसरे मरीज के परिजन अपने मरीज को तुरंत देखने की मांग करने लगे और डॉक्टर पर दबाव बनाने का प्रयास किया। जब डॉक्टर ने गंभीर मरीज का उपचार पूरा करने की बात कही, तो परिजन नाराज हो गए और उन्होंने डॉक्टर से अभद्रता शुरू कर दी। घटना से नाराज डॉक्टरों ने शुक्रवार सुबह विरोध स्वरूप कुछ समय के लिए काम बंद कर दिया। उन्होंने अस्पताल में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। स्थिति बिगड़ती देख जिला प्रशासन और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। अपर कलेक्टर राजेंद्र सिंह ने डॉक्टरों से चर्चा कर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया। इसके लगभग दो घंटे बाद डॉक्टर काम पर लौट आए। इसी दौरान, जिला अस्पताल के डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा से भी मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल में लगातार हो रही अभद्र घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि पूर्व में अस्पताल का सुरक्षा ऑडिट कराया गया था। इसमें सीसीटीवी कैमरे और निजी सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता बताई गई थी। इस संबंध में सिविल सर्जन को पत्र भी भेजा गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस मामले की समीक्षा बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का प्रयास करेगी।

### विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 18 मार्च को

**मण्डला।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंडला की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आगामी 18 मार्च 2026 को अपराह्न 4:30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक सुझावों पर विचार किया जाएगा। बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### 03 शासकीय कार्यालयों में गायब रहे 56 अधिकारी-कर्मचारी

# अपर कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण






*** अन्य कार्यालयों में भी हो ऐसी कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह शुक्रवार की सुबह जिला मुख्यालय के तीन कार्यालयों में अचानक पहुंचे। उन्होंने सहायक आयुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और परियोजना अधिकारी जिला शिक्षा केन्द्र के कार्यालय में औचक निरीक्षण किया।

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सहायक आयुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य में 33, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 07 और परियोजना अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र में 16 अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में नहीं पाया। उन्होंने सभी की उपस्थिति पंजी में अनुपस्थिति लगाकर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सबसे पहले सहायक आयुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने उपस्थिति पंजी मंगवाई और कार्यालय में नहीं पाए गए अधिकारी-कर्मचारियों की पंजी में अनुपस्थिति लगा दी। इसके बाद उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और परियोजना अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर भी यही किया। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक जनजातीय कार्य श्री रंजीत गुप्ता, बोर्ड परीक्षा प्रभारी श्री महेन्द्र श्रीवास एवं एपीसी श्री केके उपाध्याय मौजूद रहे।

### इनकी रही अनुपस्थिति

कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला में 33 अधिकारी-कर्मचारियों अनुपस्थित पाये गये है। जिसमें सहायक सांख्यिकीय अधिकारी श्री डी. एस. धुर्वे, उपयंत्री श्री आशीष तिवारी, लेखापाल श्री कैलाश नारायण मसराम, श्री मुकेश कुमार विश्वकर्मा, श्री घनश्याम प्रसाद राणा और श्री राकेश कुमार साहू, सहायक ग्रेड-2 श्री राजेश श्रीवास, श्री रमेश प्रसाद उइके, श्री राजेन्द्र सिंह सैन्द्राम एवं श्री दिलीप कुमार पटैल, सहायक ग्रेड-3 श्री मंशाराम पटेल, श्री गनाराम परस्ते, श्री राकेश कुमार उइके, श्री पवन कुमार मरकाम, श्री विद्याचरण आर्मो और श्री बसीम खान, स्काउट गाइड प्रभारी श्री लोकसिंह पदम, भृत्य श्री भारत सिंह चन्द्रौल, श्री शत्रुघ्न सिंह धुर्वे, श्रीमती साधना झारिया, श्री विवेक चौधरी, श्री सोमदत्त पटैल, श्री भैयालाल भारतिया, श्री अनंतराम मरावी, श्री मयंकधर पाठक, श्री संजय कुमार धुर्वे, श्री प्रवीण कुमार गोमास्ता, श्री राहुल ठाकुर, कु. पलक श्रीवास और श्री मनोज चौधरी, श्री हिमांशुरंजन झारिया उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री राजकुमार यादव तथा समन्वयक वनाधिकार श्री शिवम कछवाहा शामिल है।

इसी प्रकार जिला शिक्षा केन्द्र में डीपीसी श्री कुलदीप कठल, श्री अनिल समदेकर, एपीसी श्री शेषमणी गौतम, एपीसी श्री संतोष साहू, एपीसी श्रीमती विनिता सोनी, सहायक यंत्री श्री सुरेद्र यादव, लेखापाल श्री कमल चौरसिया, श्री अनिल मिश्रा, एलडीसी श्री राजेश पाण्डे, श्री जगदीश नांगवशी और श्रीमती सीमा डोगरवार, ओपीपी श्री पुष्पेन्द्र पटेल, चालक श्री राजेन्द्र उईके, भृत्य संजय पटेल, श्री धनेश्वर रजक तथा श्रीमती माधवी सिधिंया गैर हाजिर मिले।



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नु वरकडे, मुख्य लिपिक श्री राजेन्द्र पाल, लेखापाल श्री विनय तोष मरावी, सहायक ग्रेड-2 श्री जगदीश चौधरी, सहायक ग्रेड -3 श्री गणेश पुरी उइके, भृत्य श्रीमती मंजू सेनी एवं ऑपरेटर श्री जावेद अली निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति पाए गए।

## शुचि उपाध्याय की शानदार स्पिन गेंदबाजी में फंसा जम्मू कश्मीर



*** शुचि के पांच विकेट से एम पी की जीत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जयपुर में चल रहे अंडर 23 बालिका वर्ग के एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश टीम में शामिल मंडला जिले की शुचि उपाध्याय ने पांच विकेट लेकर जम्मू कश्मीर टीम को बैक फुट में पहुंचा दिया और मध्यप्रदेश ने इस मैच में जीत दर्ज कर लिया है। जम्मू कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जिसमें मध्यप्रदेश को 130 रनो का लक्ष्य दिया।शुचि उपाध्याय की शानदार गेंदबाजी ने जम्मू कश्मीर के बल्लेबाजों को एक एक कर बाहर का रास्ता दिखाया। शुचि ने महज 9.5 ओवर में 2 मेडेन ओवर डालते हुए मात्र 14 रन देकर 5 विकेट झटक लिए। जम्मू कश्मीर टीम मात्र 130 रन में आल आउट हो गई। विदित हो कि बीते माह सीनियर वूमेंस वन डे टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश से सर्वाधिक शुचि ने सर्वाधिक 14 विकेट हासिल किया था। बल्लेबाजी के लिए उतरी मध्यप्रदेश टीम ने यह लक्ष्य मात्र 30 ओवर में हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। महाकौशल क्षेत्र मंडला जिले की शुचि के इस प्रदर्शन पर डी सी ए मंडला के भीष्म द्विवेदी, अजय मिश्रा, इम्तियाज अली, निशांत झा, बसंत ठाकुर, अनिल सोनी, ललित जोशी, संजय बड़गियां, पंकज दुबे, अर्जुन भांडे,अक्षय चंद्रोल, मयंक अग्रवाल, शिवांशु तिवारी, फैजान खान आदि सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### ज्योत सिंह ठाकुर की धर्म पत्नी ग्यारसी बाई का निधन

**भुआबिछिया।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक कांग्रेश के वरिष्ठ नेता भूत पूर्व जनपत पंचायत अध्यक्ष ज्योत सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी एवं हिम्मत सिंह राजपूत बलवीर सिंह राजपूत, नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर (रानू) सिंह राजपूत की माता श्रीमती ग्यारसी बाई राजपूत उम्र 79 वर्ष का विगत रात 12 बजे निधन हो गया अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम जंतीपुर बिछिया में 04/03/2026 दिन बुधवार को दोपहर 1 बजे किया गया शव यात्रा सैकड़ों लोगों शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राष्ट्रीय नेतृत्व ने गोंगपा के निष्कासन निर्णय पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला


गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

// प्रेस विज्ञप्ति //

मंडला में समिति करेगी जांच, 10 मार्च तक देनी होगी रिपोर्ट मंडला में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के राष्ट्रीय नेतृत्व ने मध्य प्रदेश इकाई की ओर से पदाधिकारियों के निष्कासन के फैसले पर फिलहाल रोक लगा दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि इस मामले में समन्वय की कमी के कारण लिया गया निर्णय तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है।

प्रेस नोट के अनुसार, मध्य प्रदेश इकाई की ओर से 5 मार्च 2026 को पत्र क्रमांक GGP/MP/2026/405 के तहत जारी प्रेस विज्ञप्ति को रद्द कर दिया गया है। उस विज्ञप्ति में कुछ पदाधिकारियों को छह सालों के लिए निष्कासित करने की घोषणा की गई थी।

राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम ने बताया कि पूरे मामले में समन्वय स्थापित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से चर्चा करेगी और 10 मार्च तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। तब तक निष्कासन का निर्णय स्थगित रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने भी की पुष्टि

प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम ने भी राष्ट्रीय महासचिव के पत्र की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर यह निर्णय लिया गया था, लेकिन संगठन में समन्वय बनाए रखने के लिए इसे फिलहाल रोक दिया गया है। समन्वय समिति की रिपोर्ट आने के बाद राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में अंतिम फैसला लिया जाएगा।

निष्कासित किए गए नेताओं में छिंदवाड़ा जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष देवीराम उर्फ देवरावन भलावी, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रवीण धुर्वे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप इनवाती और सिवनी जिले के छपारा निवासी रावेनशाह उइके शामिल थे। इसके अलावा पूर्व विधायक रामगुलाम उइके और प्रदेश पदाधिकारी एडवोकेट महेश वट्टी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

## पूज्य सिंधी पंचायत का होली मिलन समारोह आयोजित



*** शोकाकुल परिवारों को रंग गुलाल तिलक लगाकर मनाया रंगों का त्यौहार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा रंगों के पर्व को अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में सामाजिक जनों की उपस्थिति में मनाया गया,सर्वप्रथम सामाजिक जनों ने मिलकर श्री गणेश भगवान की आरती पूजा की, इसके पश्चात श्री गुरुद्वारा साहिब में स्थित श्री राम दरबार,श्री झूलेलाल सांई एवं भगवान कृष्ण राधा की आरती पूजा की गई, माल्यार्पण कर स्तुति आराधना की गई,सभी परिवारों के लिए सुख शांति के लिए पल्लव पूजा के साथ गुरू अरदास की गई, इसमें सिंधी समाज के सभी परिवारों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए, प्रतिवर्ष की भांति गत वर्ष में हुए शोकाकुल परिवारों के सदस्यों को रंग गुलाल तिलक लगाकर होली का पर्व मनाते हुए शुभकामनाएं दी एवं सभी परिवारों की सुख शांति के लिए कामना की गई। सामाजिक सदस्य अंबेडकर वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर,धनानी परिवार स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब एवं श्री राम मंदिर सराफा में जाकर माथा टेका ।कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया एवं स्वल्पाहार आयोजित किया गया।

### होलिका दहन | गोबर से बनाई गई मूर्ति बनी आकर्षण का केंद्र।

# वैदिक होलिका दहन में उमड़ा शहर

*** अन्य समितियों के लिये बना प्रेरणा स्त्रोत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





नगर के अग्रसेन चौक, तहसील चौराहा में वैदिक परिवार मंडला द्वारा आयोजित विशेष होलिका दहन समारोह इस वर्ष भी पारंपरिक वैदिक विधि-विधान के साथ श्रद्धा और उत्साह के माहौल में सम्पन्न हुआ। वर्ष 2016 से निरंतर आयोजित किया जा रहा यह धार्मिक आयोजन इस बार अपने 11वें वर्ष में प्रवेश कर गया। पूर्णिमा की पावन रात्रि में आयोजित इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरा क्षेत्र धार्मिक आस्था और भक्ति से सराबोर नजर आया।

समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन-अर्चन और हवन से की गई। वैदिक आचार्यों के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर अपने जीवन से नकारात्मक प्रवृत्तियों—अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और द्वेष—को त्यागने का संकल्प लिया। इसके पश्चात हजारों कंडों के साथ पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित कर विधिपूर्वक होलिका दहन किया गया।

इस वर्ष आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता गौवंशीय गोबर से निर्मित भव्य होलिका प्रतिमा रही, जिसने सभी श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। भारतीय परंपरा में गोबर को पवित्र और वातावरण को शुद्ध करने वाला माना जाता है। इसी भावना के साथ प्रतिमा निर्माण में हवन सामग्री, कपूर, राल, चंदन और महावर का उपयोग किया गया, जिससे दहन के समय वातावरण में सुगंधित और शुद्ध धुएं का प्रसार हुआ और पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया।

प्रतिमा के निर्माण में मंडला के बॉटल आर्ट के महारथी त्रिलोक सिंधिया का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से तैयार की गई यह प्रतिमा आकर्षक और भव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनी रही।

कार्यक्रम के दौरान पंडित ऋषि महाराज ने होलिका दहन के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें संदेश देता है कि अधर्म, अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित है, जबकि सत्य, श्रद्धा और भक्ति की सदैव विजय होती है।

समारोह में नगर के अनेक श्रद्धालु परिवारों ने सहभागिता कर होलिका की परिक्रमा की और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन स्थल पर पूरे समय धार्मिक उल्लास और सामूहिक आस्था का वातावरण बना रहा।

आयोजन समिति ने बताया कि इस बार ग्रहण के कारण परंपरागत धुड़ेरी का कार्यक्रम 3 मार्च के स्थान पर 4 मार्च को सम्पन्न किया जाएगा। अंत में श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को सनातन संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर उदाहरण बताते हुए वैदिक परिवार मंडला के प्रयासों की सराहना की।

## आईसर ट्रक से 27 मवेशियों का क्रूरता पूर्वक अवैध परिवहन, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में अवैध रूप से पशुओं के क्रूरतापूर्वक परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहगाँव पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई।

दिनांक 06.03.2026 को प्रातः लगभग 08:30 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आईसर ट्रक क्रमांक MP 07 GA 9127 में मवेशियों को ठूस-ठूस कर भरकर ले जाया जा रहा है, जो बायपास रोड किनारे फंसा हुआ है।

सूचना पर थाना प्रभारी मोहगाँव वेदराम हनोते के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां ट्रक में मवेशियों को रस्सियों से सींग एवं पैरों में बांधकर भरा हुआ पाया गया। पुलिस द्वारा वाहन चालक शेख रहीम पिता शेख स्माईल उम्र 54 वर्ष निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, पसियाना, थाना गोहलपुर जिला जबलपुर को मौके पर पकड़ा गया। पुलिस द्वारा पोकलेन मशीन की सहायता से फंसे वाहन से मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकलवाया गया तथा घायल मवेशियों के उपचार हेतु पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर उपचार कराया गया।

पुलिस द्वारा मौके पर 27 नग मवेशी (कीमत लगभग 5,25,000/-) एवं परिवहन में प्रयुक्त आईसर ट्रक (कीमत लगभग 22,00,000/-) जप्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में शेख रहीम पिता शेख स्माईल उम्र – 54 वर्ष निवासी – वार्ड क्र. 35 लाल बहादुर शास्त्री पसियाना, पंचशील स्कूल के पास, थाना गोहलपुर जिला जबलपुर शामिल हैं। पूरी कार्यवाही में जो सामग्री जप्त की गई उसमें कुल 27 नग मवेशी ( अनुमानित कीमत लगभग 5,25,000/-), आईसर ट्रक क्रमांक MP 07 GA 9127 (कीमत लगभग 22,00,000/-) शामिल है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहगाँव निरीक्षक वेदराम हनोते, उप निरीक्षक नंदश्याम धुर्वे, सउनि अशवंत सोनवानी, सउनि कमल पडवार, सउनि चन्द्रकुमार अहिरवार, आरक्षक बलवंत मरावी, आरक्षक नवीन उइके, आरक्षक खेमसिंह मरकाम एवं चालक आरक्षक रेवा मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### ग्राम खुलरी में लोक कल्याण सरोवर का निरीक्षण करने पहुंची जिला कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** निश्चित जब किसी ग्राम पंचायत में जिला स्तर का अधिकारी पहुंचता है तो सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस ग्राम खुलरी में देखने मिली। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम खुलरी में अचानक पहुंचते हुये वहां पर लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित लोक कल्याण सरोवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक कल्याण सरोवर के निर्माण और उससे होने वाले सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि लोक कल्याण सरोवर के द्वारा जल संरक्षण और जल संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को सिंचाई के लिए पानी और लोगों को पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला पंचायत के साथ समन्वय स्थापित कर जिले के अन्य स्थानों पर भी इस प्रकार के सरोवरों का निर्माण किया जाए। इस अवसर पर अधिकारियों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि लोक कल्याण सरोवर के माध्यम से आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो रहा है और गौशालाओं के पशुओं के लिए भी पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। जिले के अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार के सरोवरों का निर्माण किया गया है, जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है। इ

### ग्राम मनकवारा में सुपरफूड चिया सीड की खेती का कलेक्टर ने किया अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज/ बोहानी।** शुक्रवार को चांवरपाठा विकासखंड के ग्राम मनकवारा में किसानों द्वारा की जा रही सुपरफूड चिया सीड की खेती का जिला कलेक्टर श्रीमति रजनी सिंह ने अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस दौरान कृषक मोतीलाल प्रजापति द्वारा लगभग दो एकड़ और धनराज सिंह पटेल द्वारा लगभग चार एकड़ क्षेत्र में की जा रही चिया सीड की फसल का अवलोकन कर खेती की पद्धति और उत्पादन संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। बताया जाता है कि कलेक्टर श्रीमती सिंह ने किसानों से संवाद करते हुए चिया सीड की खेती के लाभ, लागत, उत्पादन और बाजार में इसकी मांग के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। वही किसानों ने बताया कि इस फसल की विशेषता यह है कि इसे पशु नहीं खाते और इसमें रासायनिक खाद या कीटनाशक के छिड़काव की आवश्यकता भी नहीं होती। साथ ही यह फसल कम पानी में भी अच्छी उपज देती है, जिससे इसकी खेती अपेक्षाकृत कम लागत में संभव है। किसानों ने बताया कि बाजार में चिया सीड की मांग अधिक होने के कारण इस फसल से अच्छा मुनाफा प्राप्त होने की संभावना रहती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चिया सीड की खेती प्रारंभ की है।

# होलिका दहन को निर्धारित किये गये मापदंडों के विपरीत खुलेआम सीमेन्ट व डामरयुक्त सड़कों पर जलते हुये देखे जाने के बाद भी अधिकारियों की चुप्पी बनी चर्चा का विषय

## लाखों की राशि से निर्मित सड़कों की क्षति पहुंचाने का आखिर हौन माना जावेगा जिम्मेदार..?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन द्वारा बनाये जाने वाले नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी जहां हर नागरिक की होती है। वही दूसरी ओर उन नियमों का पालन कराने का दायित्व क्षेत्र में पदस्थ अधिकारियों का होता है। इसी बात को लेकर किसी भी बडे त्यौहार के पहले पुलिस थानों में शांति समिति व गणमान्य लोगों के बीच बैठकों का आयोजन करते हुये त्यौहार मनाने के लिये बनाये गये नियमों से अधिकारियों द्वारा आम जनता को अवगत कराया जाता है। वही दूसरी देखा जावे तो सरकार द्वारा करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये नगर में सड़को का जिस तरह निर्माण करती है उसका लाभ भी नगर के लोगों को ही मिलता है। वैसे भी देखा जावे तो नगर हो या फिर गांव निर्माण कार्य होते हुये देखे जाते हे उनकी गुणवत्ता किसी से छिपी नही रहती है। इसी का परिणाम है कि वह कुछ साल के उपरांत ही टूटना शुरू हो जाते है। मगर उसमें सुधार लाने की उम्मीद करना बेमानी साबित होने से इसलिये नही चूक पाती है। क्योंकि तनक तनक हिस्से में सभी की भागीदारी होने के चलते अधिकारी हो या फिर नेता इस पर अपनी चुप्पी साधने के लिये मजबूर रहते है..?



मगर किसी भी प्रकार से आमजन की सुविधा के लिये किये जाने वाले निर्माण कार्यो का हमरे द्वारा रख रखाव किया जावे तो उनकी उम्र में कुछ दिनों का इजाफा होने की उम्मीद की जा सकती है। इसी बात को लेकर हर साल शासन प्रशासन द्वारा होलिका दहन को लेकर लोगों को हितायत दी जाती है कि वह होलिका दहन डामर युक्त सड़क व सीमेन्ट सड़क पर न करे..। इसी प्रकार से बीते हुये संपन्न हुये होलिका दहन से लेकर होली उत्सव मनाने के लिये भी जिला स्तर से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठकों का आयोजन किये गये थे। शासन द्वारा होलिका दहन को लेकर निर्धारित किये गये नियमों व माप दंडो से लोगों को अवगत कराया गया था कि कोई भी होलिका दहन पक्की सड़क व डामर वाली सड़क सहित बिजली तारों के नीचे नही करेगी। क्योंकि सीमेन्ट की पक्की सड़क या फिर डामरवाली सड़क पर होलिका दहन होने के कारण आग की तपन के चलते सड़क खराब होनेके चलते उस स्थान से सड़क के टूटने की शुरूआत हो जाती है और धीरे धीरे वह सड़क टूटते हुये चली जाती है। मगर हैरत की बात है कि क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी होलिका दहन के पूर्व नगर व क्षेत्र में लगाता भ्रमण करते हुये देखे जाने के साथ साथ होलिका दहन के लिये सीमेन्ट की पक्की नव निर्मित सड़कों सहित डामरीकृत सड़को पर स्थापित की गई होलिकाओं की दर्शन करने के बाद



उनका आर्शीवाद लेने से नही चूके है। मगर शायद ही किसी के द्वारा सीमेन्ट व डामर वाली सड़को पर बनाई गई होती पर आपत्ति लेते हुये देखा गया हो..? हैरत की बात तो उस समय देखने मिली जब जब होलिका दहन की शुरआत हुई तो नगर में अनेक जगहों पर सीमेन्ट सहित डामर वाली पक्की सड़कों पर होलिका दहन होते हुये देखे जाने के बाद भी अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा शासकीय संपत्ति को पहुंच रही क्षति को नजर अंदाज करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। कहा जाता है कि जब किसी बडे अधिकारी द्वारा कोई आदेश जारी किया जाता है तो संपूर्ण जिले का प्रशासन उस आदेश का पालन करता है। क्योंकि जिला स्तर का अधिकारी जिले का मालिक होता है। वही दूसरी ओर शासन द्वारा बनाये गये त्यौहार मनाने के नियमों का पालन करना भी सभी अधिकारियों का दायित्व माना जाता है। मगर होली को लेकर शासन द्वारा दिये गये आदेशों को गाडरवारा क्षेत्र में जिस तरह नजर अंदाज किया गया है उसे देखते हुये ऐसा प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि शायद जिम्मेदार अधिकारियों की नजरों में जिला स्तर के अधिकारियों का आदेश व शासन द्वारा बनाये गये नियमों का कोई महत्व नही रखता है या फिर उस आदेश को रद्दी की टोकरी के हबाले करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है...? क्योंकि बीते हुये दिनों जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र में संपन्न हुये होलिका दहन को लेकर बैठकों में आदेशित किया गया था कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे कि कही भी होलिका दहन टेली फोन, बिजली लाईन सहित सीसी रोड व डामर रोड पर दहन न हो इसके लिये संबंधित क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी इस बात से आमजन को जागरूक करने के लिये मुनादी कराये तथा सक्षम अधिकारी समय रहते हुये होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करे..? मगर नगर में जिस तरह सीमेन्ट सड़कों से लेकर डामर रोड़ो पर होलिका दहन होते हुये देखने मिला है उसने स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ी गई है तो दूसरी ओर इस तरह शासन के आदेश की होलिका दहन के दौरान खुलेआम धज्जिया उड़ाये जाने से यह अनुमान लगने से भी नही चूक पा रहा था कि शायद क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा शासन के उस आदेश को रद्दी की टोकरी के हबाले कर दिया गया है...? मगर हद तो तब हो गई जब अधिकारियों को नगर सहित क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सीसी रोड सहित डामरवाली रोड़ों पर होलिकाये जलने के लिये तैयार देखे जाने के बाद भी इस ओर किसी तरह से ध्यान देना उचित नही समझा गया और नगर में जहां तहां खुलेआम सीमेन्ट सड़क से लेकर डामर सड़को पर देर रात तक होलिका दहन होते हुये देखा गया? इस तरह सीमेन्ट सड़क व डामर सड़को पर होलिका दहन होने के चलते सरकारी सड़को को क्षति पहुंचने से नही चूक पाई है और निश्चित तौर से चंद दिनों के बाद वह सड़क टूटना शुरू हो जावेगी तो इसका जिम्मेदार कौन माना जावेगा?

# पोस्ट आफिस में शुरू हुआ आधार सेवा केन्द्र




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लम्बे समय से देखा जा रहा था कि लोग अपने नये आधार कार्ड बनबाने या फिर आधार कार्डो में सुधार के लिये परेशान होते हुये देखे जाते थें। आमजन की परेशानियों को ध्यान में रखते हुये शहर के पलोटन गंज स्थित पोस्ट आफिस में भारतीय डाक विभाग द्वारा आधार सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। बताया जाता है कि इस केन्द्र पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक नया आधार नामांकन, नाम, पता व जन्म तिथि में सुधार सहित मोबाईल नम्बर, ई मेल अपडेट के अलावा बायोमेट्रिक अपडेट का कार्य किया जावेगा। इसके लिये लोगों को निर्धारित किये गये दस्ताबेजों के साथ पहुंचने पर आधार कार्ड का कार्य किया जावेगा। इस आधार केन्द्र के शुरू होने से निश्चित लोगों को भटकने से निजात मिलेगी। बताया जाता है कि इस केन्द्र का संचालन डाक विभाग के माध्यम से किया जा रहा है।

# कक्षा पांचवी एवं आठवी परीक्षा का शुरू हुआ मूल्यांकन कार्य, बीटीआई स्कूल सहित उत्कृष्ट विद्यालय चीचली जांच जावेंगे पेपर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशों के परिपालन में विकासखंड चीचली के मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली एवं साईंखेड़ा के पीएमश्री बीटीआई स्कूल गाडरवारा में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा 2026 की अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हुआ। इस मूल्यांकन कार्य हेतु चीचली में विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर को मूल्यांकन केंद्र प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार, बुलंद कुशवाहा को सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बीटीआई स्कूल में प्राचार्य श्रीमति सुनीता पटैल को मूल्यांकन केंद्र प्रभारी बनाया गया है। चीचली में इस कार्य के प्रारंभ में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डीके पटेल, बीएसी अरुण दुबे तथा सहायक



मूल्यांकन प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं को इस कार्य से संबंधित सुझाव,

यथा आरएसके पोर्टल पर ऑनलाइन वितरण, अंक फीडिंग, उत्तर कॉर्पियो की पुनः जांच, हेडवैल्युअर द्वारा री-चेकिंग, ऑनलाइन पर्ण प्रतिपर्ण जनरेट सहित अन्य सभी निर्देश दिए गए। वही नगर के बीटीआई स्कूल में प्राचार्य श्रीमति पटैल एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने भी शिक्षकों को मूल्यांकन से जुड़े निर्देश दिये। चीचली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली वीरेंद्र राजपूत द्वारा मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण किया गया। इस मूल्यांकन में विभिन्न कार्य निर्वहन हेतु विषयवार हेडवैल्यूअर,स्ट्रांग रूम प्रभारी को नियुक्त किया गया है। यह मूल्यांकन कार्य जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाह के मार्ग दर्शन तथा जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशन में किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत भौरझिर में संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित हुआ शिविर, 187 आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण किया गया





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** तहसील क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भौरझिर में 'संकल्प से समाधान' अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। बताया जाता है कि आयोजित शिविर में ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 187 आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए थें। जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। वही शिविर में गरीबी रेखा की सूची में नाम जोड़ने के लिए 17 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, उक्त आवेदनों की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के यू.डी.आई.डी. कार्ड/ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चांवरपाठा में 10 मार्च को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि आयोजित शिविर में दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने गांव के दिव्यांगजनों से अपील की कि वे शिविर में पहुंचकर अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र अवश्य बनवाएं, ताकि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि सभी पात्र नागरिक आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने अपना किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बनवाया है, वे अपना किसान क्रेडिट कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाएं, जिससे किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और कल्याणी पेंशन जैसी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आयोजित शिविर में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उन्होंने ई-टोकन प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से किसानों को खाद प्राप्त करने में काफी सहूलियत हो रही है। उन्होंने किसानों को फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवाने को कहा। कलेक्टर ने आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए, जिससे हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कलापथक दल के माध्यम से ग्रामवासियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। कलापथक दल ने बताया कि स्वास्थ्य के लिए हमेशा नशे से दूर रहें। इस दौरान ग्रामवासियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# हिंदी विषय क़े प्रश्न पत्र से हुआ हाई स्कूल परीक्षा का समापन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा**

शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा का समापन हुआ। बताया जाता है कि इस परीक्षा मे सुबह 9 बजे से 12 बजे तक की पाली मे छात्र छात्राओं ने हिंदी विषय का परचा हल किया। परीक्षा शुरू होने क़े पूर्व थानो से कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी मे सीलबंद प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों तक लाया गया जिन्हे सीधे परीक्षा केंद्रों क़े कमरों मे पेपर शुरू होने क़े 5 मिनिट पूर्व पर्यवेक्षको ने छात्र छात्राओ को वितरित किया। ज्ञात हो कि होली के बाद शुक्रवार को परीक्षा क़े दिन नगर क़े परीक्षा केंद्रों बीटीआई स्कूल, कन्या नवीन, कन्या शाला एवं आदर्श उ मा विद्यालय मे सुबह से ही नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के परीक्षार्थी एकत्रित होना शुरू हो गए थे। उल्लेखनीय हैं कि पेपर क़े लिए छात्र छात्राओं को सुबह 8:30 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने क़े निर्देश दिए गये थे। अंतिम दिन परीक्षा केंद्रों पर छात्र छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई । उक्त परीक्षा हेतु क्षेत्र साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक क़े ग्रामीण क्षेत्रो मे भी केंद्र बनाये गए थे। परीक्षा की सुचिता को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए जिला व विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल तैयार किए गए थे। परीक्षा क़े अंतिम दिन कन्या शाला गाडरवारा से परीक्षा देकर निकल रहे छात्र छात्राओं ने बताया कि हिंदी का परचा सामान्य था जो निर्धारित समय सीमा में हल हो गया था । परीक्षा के बाद हम लोग कुछ दिन मौज मस्ती करेंगे। आज शनिवार 7 मार्च को हायर सेकण्डरी परीक्षा का समापन होगा।

# आरबीआई द्वारा आयोजित कार्यशाला में जरूरी जानकारियों कराया अवगत, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी रहे मौजूद





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आम जन को बैक संबंधी जरूरी जानकारियों से अवगत कराने के लिये बीते हुये दिवस नगर के बीटीआई स्कूल परिसर के पवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यशाला में जमाकर्ताओं को सिखाए गए सुरक्षित निवेश के गुर व जमाकर्ताओं को 'अनक्लेम्ड डिपॉजिट' के प्रति किया जागरूक करने के साथ ऑनलाइन उपयोगकर्ता अपने डिजिटल बैंक अकाउंट का सावधानी से करें उपयोग तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गाडरवारा में बैंकिंग जागरूकता पर आधारित थी। बताया जाता है कि आम लोगों एवं बैंक जमाकर्ताओं को सही जानकारी देकर उनकी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने के लिये आज वित्तीय रूप से जागरूक करना समय की मांग है । यह बात मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे ने जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता कार्यशाला के आयोजन में कही । इस बात को ध्यान में रखते हुये भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के तहत बैंकिंग उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है । विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका सी एम ओ वैभव देशमुख ने तेजी से बढ़ते साइबर फ्राड के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता बताई गई। वही मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के पूर्व अधिकारी के एम दुबे ने दैनिक जीवन में बचत और इसको सुरक्षित रखने के उपाय बताये । रिसोर्स पर्सन बसंत श्रीवास्तव ने विभिन्न जमा योजनाओं की जानकारी दी गई। वही शुभम पुरोहित ने ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें की जानकारी देते हुये उन्होंने नये मुआवजा नियम डिजिटल पेमेंट फ्रॉड होने पर 25 हजार रूपये तक के मुआवजे के प्रावधान की जानकारी से अवगत कराया गया। इसी प्रकार से अनिल कुमार साहू ने भारत सरकार की अनेक कल्याणकारी बचत योजनाओं से जुड़ने की आवश्यक्ता बताई गई। रिसोर्स पर्सन राजेश पाराशर ने ग्राहकों को अपने ओटीपी , पिन और व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी गई ताकि साइबर धोखाधड़ी से बचा जा सके। एम एस नरवरिया ने धोखाधड़ी करने वाली अनेक वित्तीय संस्थाओ से सचेत रहने को खेल के माध्यम से समझाया तो सुनील पाहुरकर ने प्रत्येक खाते में नॉमिनी का नाम दर्ज कराने की अनिवार्यता पर जोर दिया ताकि भविष्य में उत्तराधिकारियों को राशि प्राप्त करने में कठिनाई न हो। कार्यशाला के अंतर्गत पपेटशो, प्रश्नोत्तर सत्र तथा वित्तीय सांपसीढ़ी खेल का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों की बैंकिंग संबंधी जानकारी को बढ़ाया गया। नगर के बी टी आई परिसर सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के आलवा पत्रकार गण और बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आमलोगों को बैंकिंग सेवाओं और धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

# कलेक्टर ने खुलरी सुख-चैन नदी के किनारे अतिक्रमण व कचरा हटाने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र के दौरे पर निकली हुई जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बीते हुये दिवस ग्राम पंचायत खुलरी में सुख-चैन नदी पर स्थित पुल का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने नदी किनारे पड़े अनावश्यक कचरे और पुराने पुल के मलबे को हटाने के लिए निर्देशित करते हुये उन्होंने कहा कि नदी के दूसरे किनारे पर हो रहे मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए मलबा हटाना आवश्यक है, ताकि नदी का जल प्रवाह सुचारु रूप से प्रवाहित होता रहे। कलेक्टर ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण- इसके उपरांत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने खुलरी से देगुवां तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुये उन्होंने सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता के संबंध में निरीक्षण करने को कहा, जिससे सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा पर पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री अरविंद किटहा भी मौजूद थे। साइड शोल्डर बनाने के दिए निर्देश- कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लगभग 2.870 किलोमीटर लंबी बुधवारा से चिरचिरा तक नवनिर्मित सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को सड़क के दोनों ओर साइड शोल्डर बनाने के निर्देश देते हुये उन्होंने कहा कि सड़क के किनारों को व्यवस्थित करने से वाहनों के आवागमन में सुविधा होगी और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम होगी। अपने दौरा के बीच कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने चांवरपाठा विकास खंड अंतर्गत ग्राम बुधवारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। बताया जाता है कि इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार, दर्ज बच्चों की संख्या तथा उनकी उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र बुधवारा में 15 बच्चे दर्ज पाए गए, जबकि मौके पर केवल 6 बच्चे ही उपस्थित थे। इसके बावजूद उपस्थिति रजिस्टर में सभी 15 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई थी। निरीक्षण के दौरान पाया कि पोषण ट्रेकिंग एप अद्यतन





नहीं था तथा पंजी संधारण में भी अनियमितताएं थीं। दर्ज संख्या की तुलना में कम बच्चे उपस्थित पाए जाने पर उन्होंने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी के साथ किया जाए और वास्तविक उपस्थिति ही दर्ज की जाए। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और विभिन्न गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। इसके आलवा प्राथमिक शाला बुधवारा का निरीक्षण करने के लिये पहुंची। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन को चखकर गुणवत्ता व स्वाद का भी परीक्षण किया। बताया जाता है कि निरीक्षण के समय शिक्षिका श्रीमती संध्या तिवारी के हस्ताक्षर शिक्षक उपस्थित पंजी में होने के बावजूद वह मौके पर अनुपस्थित पाई गईं। कलेक्टर ने इस पर कार्यवाही करते हुए उनका एक दिवस का वेतन काटने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय में छात्र- छात्राओं की उपस्थिति पंजी भी देखी और बच्चों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्र- छात्राओं से उनकी पढ़ाई-लिखाई, मध्याह्न भोजन आदि के संबंध में संवाद किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

प्रकाश आत्मज नन्हेलाल अहिरवार उम्र 36 साल निवासी व मुकाम पोस्ट नांदनेर, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला नरसिंहपुर के नाम शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मुझ शपथकर्ता की पत्नी श्रीमति फुला बाई अहिरवार को प्रसव के दौरान दिनांक 04/01/2012 को एक पुत्र लोकेश अहिरवार का जन्म जिला अस्पताल नरसिंहपुर में हुआ है। अपने पुत्र लोकेश अहिरवार के जन्म प्रमाण पत्र जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर द्वारा प्रदान किया गया है जिसका पंजीकरण क्रमांक - 40 दिनांक 03/01/2012 जारी दिनांक 01/03/2025 है। जिसमें लवकुश अहिरवार आत्मज प्रकाश अहिरवार एवं माता का नाम फुला बाई अहिरवार के नाम से जारी किया गया है। जबकि शपथकर्ता के पुत्र के समस्त दस्तावेजो में लोकेश अहिरवार दर्ज है। जिसे मेरे पुत्र लोकेश अहिरवार के आधार कार्ड अनुसार नाम दर्ज किया जाकर नया जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें । शपथकर्ता को अपने पुत्र लोकेश अहिरवार आत्मज प्रकाश अहिरवार एवं माता का नाम फुला बाई अहिरवार जन्म दिनांक 04/01/2012 है। अतः जारी प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का गलत नाम लवकुश है और सही नाम लोकेश पिता प्रकाश अहिरवार है। इसी नाम से पढ़ा व लिखा जावे।

**शपथ कर्ता - प्रकाश
आत्मज नन्हेलाल अहिरवार उम्र 36 साल निवासी - मुकाम व पोस्ट नांदनेर
तहसील गाडरवारा
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सपना सोनी आयु 40 साल पिता स्वर्गीय राज किशोर सोनी निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मुझ शपथकर्ता सपना सोनी शादी के पहले अपने पिता राजकिशोर सोनी आ. बाबूलाल सोनी निवासी गढ़ा जबलपुर में निवास करती थी तथा मेरी कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वी वोर्ड की अंक सूची में नाम संध्या सोनी नाम दर्ज है। यह कि मुझ शपथकर्ता का विवाह सूरज सोनी पिता रामस्वरूप सोनी निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा के साथ वर्ष 2006 में विवाह संपन्न हुआ था। यह कि मैं शपथकर्ता का नाम अपने विवाह होने के पश्चात सपना सोनी पति सूरज सोनी निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर लिखने लगी हूं। यह है कि मुझ शपथकर्ता का नाम पूर्व में संध्या सोनी पिता स्वर्गीय राजकिशोर सोनी था। मगर अब सपना पति सूरज सोनी पता राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर है । इसी नाम से सभी जानते पहचानते है । मुझ शपथकर्ता का सही व वास्तविक नाम सपना सोनी नाम सरस्तावेजों में अंकित किया जावे एवं सपना सोनी नाम से पढ़ा एवं लिखा जावे।

**शपथ कर्ता
सपना पति सूरज सोनी उम्र 40 साल
निवासी - राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा
तहसील गाडरवारा
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)**

**खबर संक्षेप**

## कमलाकांत त्रिपाठी पुनः बने संगठन सचिव

**शहडोल।** भारतीय डाक कर्मचारी संघ तृतीय वर्ग मध्यप्रदेश परिमंडल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। भारतीय डाक विभाग के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल मध्यप्रदेश परिमंडल भोपाल के सहायक संभागीय प्रबंधक डॉ जीबी ने जानकारी देते हुए बताया कि मप्र परिमंडल का इक्कीसवां द्विवार्षिक अधिवेशन 21 एवं 22 फरवरी को राज्य कृषि प्रशिक्षण एवं विस्तार केंद्र नीलबड़, भोपाल में आयोजित हुआ। अधिवेशन में मप्र परिमंडल के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह (जनसंपर्क निरीक्षक, संभागीय कार्यालय नर्मदापुरम संभाग) द्वारा मप्र परिमंडल की आगामी दो वर्षों के लिए पंद्रह पदाधिकारियों की नई कार्यकारिणी घोषित की हैं। घोषित कार्यकारणी में शहडोल के कमलाकांत त्रिपाठी को पुनः संगठन सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। वे वर्तमान में शहडोल संभागीय डाक कार्यालय में एलएसजी कार्यालय सहायक के पद पर पदस्थ हैं। इससे पूर्व भी कमलाकांत त्रिपाठी संगठन सचिव के रूप में सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। कमलाकांत त्रिपाठी के शहडोल संभाग से एकमात्र पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति होने पर डाक कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। कर्मचारियों ने श्री त्रिपाठी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी।

## लीनस क्लब ने किया होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान

**शहडोल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लीनस क्लब शहडोल डायमंड द्वारा शक्ति संकुल छतवई में महिलाओं के सम्मान में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के समर्पण, उनकी सामाजिक भूमिका और उनके योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह, सम्मान और सौहार्द से भरपूर रहा, जहां महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ होली मिलन का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं के स्वागत और सम्मान के साथ हुई। इस दौरान लीनस क्लब की सदस्याओं ने समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका, उनकी जिम्मेदारियों और उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। लीनस क्लब की सदस्याओं द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को टिफिन, पानी की बोतल, पेन, पैड के साथ-साथ खाद्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई। इस पहल को महिलाओं ने सराहा और इसे सामाजिक सहयोग व संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।

### शहपुरा में थाना के सामने स्थित एटीएम की सफाई व्यवस्था लचर सुरक्षा गार्ड भी नहीं

# एसबीआई एटीएम में गंदगी का अंबार

# बदबू से परेशान हो रहे उपभोक्ता

शहपुरा

नगर के जबलपुरद्अमरकंटक मार्ग पर थाना के सामने स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ;एसबीआईद्ध के एटीएम की स्थिति इन दिनों बेहद खराब हो गई है। एटीएम परिसर के बाहर और अंदर कचरे का अंबार लगा हुआ हैए जिससे यहां पैसे निकालने आने वाले उपभोक्ताओं को बदबू और गंदगी के बीच परेशान होना पड़ रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि एटीएम परिसर में लंबे समय से सफाई नहीं कराई गई है कचरे के ढेर और गंदगी के कारण वहां खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है। इसके बावजूद बैंक प्रबंधन द्वारा साफ.सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही






है ग्राहकों ने बताया कि एटीएम में सुरक्षा गार्ड की भी तैनाती नहीं है और कई बार एटीएम मशीन भी बंद रहती है जिससे लोगों को बार.बार चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसे में बैंक की व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बैंक प्रबंधन जल्द से जल्द एटीएम परिसर की सफाई कराए कचरे को हटाया जाए और एटीएम मशीन को नियमित रूप से चालू रखा जाए साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर एटीएम में गार्ड की व्यवस्था भी की जाए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## 20 मार्च तक कराएं सरसों पंजीयन चना और मसूर के लिए 16 मार्च अंतिम तिथि

डिंडौरी।

रबी वर्ष 2025.26 विपणन वर्ष 2026.27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर चना मसूर और राई सरसों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। किसानों को शासन की समर्थन मूल्य योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया संचालित की जा रही है।भारत सरकार ने औसत अच्छी गुणवत्ता एफएक्यू के लिए चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल मसूर का 7000 रुपये प्रति क्विंटल और राई सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।उप संचालक कृषि ने बताया कि चना और मसूर फसल के पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 निर्धारित की गई है जबकि राई सरसों फसल के लिए पंजीयन 20 मार्च 2026 तक कराया जा सकेगा।जिले के किसानों से अपील की गई है कि जिन्होंने अभी तक समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए पंजीयन नहीं कराया है वे सहकारी समितियों में निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन सीएससी केंद्र और निजी साइबर कैफे के माध्यम से भी निर्धारित तिथि तक पंजीयन कराया जा सकता है ताकि किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ मिल सके।

## धनवासी में परंपरागत रूप से मनाई गई अनोखी होली



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत धनवासी में अपनी परम्परानुसार होलिका दहन के दूसरे दिन यानी धुरेडी के दिन दोपहर 2 बजे से गुड़ परिया तोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। आयोजन स्थल में पूरे गांव की महिलाए पुरुषए बच्चे सभी एकत्र होते हैं। जहां पर एक सभा का आयोजन किया जाकर सभापति के रूप में लकेश परस्ते ग्राम पंचायत सरपंचए उपसभापति फूल सिंह धुर्वेए मुख्य अतिथि के रूप में तोक सिंह मरावी अध्यक्ष जन समस्या निवारक प्रकोष्ठए विशिष्ट अतिथि महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर एवं गांव के सभी बुजुर्ग अतिथि के रूप में रहे। जहां एक खंभा जोकि लगभग 15 फीट ऊंचा एवं चिकना जिसमें तेल लगा रहता हैं। जिसमें ऊपर दो गुड़ की परिया लटका दी जाती हैं। उक्त खंबे की अतिथियों द्वारा पूजन उपरांत शुरू होता हैं। गुड़ परिया तोड़ पहले महिला टीम परिया तोड़ने चढ़ा और क्रांति उद्दे ने सहयोगियों के साथ 5 किलो गुड़ का एक परिया अवरोध के बाद तोड़ा फिर शुरू हुआ पुरुष टीम में महिला अवरोध के बाद शनि मसराम अपने सहयोगियों के साथ दूसरी 5 किलो की परिया तोड़ा और रंग में सराबोर और जश्न मनाया गया। जहां प्रमुख रूप से राहुल परस्तेए दिलीप सैयामए सतेंद्र करचामए प्रीत लाल यादवए सुरेंद्र धुर्वेए अजमेर परस्तेए राम सेवक कुलेशए सहजर मसरामए तोप सिंह करचामए जनपद सदस्य भागवती मरावीए उषा मसरामए लक्ष्मी बाईए द्रोपती बाईए अनिताए कनपुरियाए इंद्रा बाई मसराम कल्पना परस्तेए सोनम परस्तेए रीतू कुलेशए पार्वती बघेल सहित समस्त ग्रामवासी महिलाए पुरुषए बच्चे भारी संख्या में मौजूद रहे।

## शहपुरा रेस्ट हाउस में भाजपा का होली मिलन समारोह

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक.दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

शहपुरा



डिंडोरी जिले के शहपुरा स्थित रेस्ट हाउस शहपुरा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित रहे। समारोह में क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक.दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व प्रेमए सद्भाव और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ होली मिलन मनाया और क्षेत्र के विकास तथा आगामी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई पूरे आयोजन का माहौल रंग और उत्साह से भरा रहा।

## जिला अस्पताल डिंडोरी में विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





डिंडोरी

विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर शासकीय जिला चिकित्सालय डिंडोरी के ईएनटी विभाग द्वारा श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मौन राष्ट्रगान के साथ की गई इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डे ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए श्रवण स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से समय.समय पर श्रवण जांच कराने तथा सुनने से संबंधित समस्याओं के प्रति सजग रहने का आग्रह किया।कार्यक्रम के दौरान ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ प्रकाश सिंह ठाकुर ने फ्रॉम कम्युनिटीज टू क्लासरूम्स हियरिंग केयर फॉर ऑल चिल्ड्रन विषय पर प्रस्तुति देते हुए श्रवण हानि की शीघ्र पहचान और उसकी रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यूजी विद्यार्थियों को श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों में सुनने की क्षमता से जुड़ी समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार के महत्व को समझाया।कार्यक्रम के अंतर्गत यूजी विद्यार्थियों और आमजन के साथ जागरूकता रैली भी निकाली गई। साथ ही जिला चिकित्सालय डिंडोरी में डॉ प्रकाश सिंह ठाकुर द्वारा श्रवण जांच शिविर आयोजित कर लोगों की हियरिंग स्क्रीनिंग की गई इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ रमेश सिंह मरावीए हॉस्पिटल प्रबंधक डॉ हर्षवर्धन सिंह जिला समन्वयक योगेंद्र ऊईके ओम प्रकाश उरैती बीपीएम लल्ला यादवए बीसीएम सुनैना द्विवेदी अनिल हंस राज नर्सिंग ऑफिसर तथा अन्य स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम जिले में श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## खेत के पास 45 वर्षीय किसान का मिला शव, हत्या की आशंका

### शरीर पर धारदार हथियार के निशान

**हरिभूमि न्यूजभालूमाड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बगडुमरा के पास खेत में गुरुवार सुबह एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान महाजन यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में डर का माहौल है। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार महाजन यादव अपने खेत में सब्जी की खेती करते थे और वहीं बने घर में रहते थे। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे वे अपने गांव स्थित घर गए थे और कुछ देर बाद फिर खेत लौट आए थे। सुबह करीब 8 बजे उनकी पत्नी ने बच्चों के हाथों उनके लिए खाना खेत पर भेजा। जब बच्चे वहां पहुंचे तो महाजन यादव घर में नहीं मिले। इसके बाद बच्चों ने आसपास तलाश की, तभी खेत के पास उनका शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही भालूमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने बताया कि मृतक के शरीर पर धारदार हथियार के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले में परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है। वहीं घटना के बाद से मृतक के परिजन सदमे में हैं।



## शिकार के लिए लगाए सामग्री सहित एक आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**रिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा के देवरी वन बीट के अमलाई गांव से लगे जंगल में जंगली जानवर के शिकार के लिए लगाए गये जीआई तार लकड़ी की खूंटी एवं कांच की छोटी शीशियों सहित एक आरोपी को वन विभाग कोतमा द्वारा पकड़ा जिसे मंगलवार को कोतमा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। घटना के सम्बन्ध में वन परिक्षेत्र अधिकारी कोतमा हरीश तिवारी ने बताया कि 2 मार्च की रात वन परिक्षेत्र कोतमा के देवरी बीट के क्रमांक 432 के समीप राजस्व से वन क्षेत्र से निकलने वाली 11 केव्ही विद्युत लाइन से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार हेतु लकड़ी की खूटी जिसमें कांच की शिशियो में जीआई तार बांधकर लगभग 1 किलोमीटर दूर तक फैलाया गया रहा की सूचना गस्ती के दौरान बीट प्रभारी देवरी उत्तम कुमार सिंह को मिलने पर खोजबीन दौरान शिकार के लिए फैलाए गए सामग्री के साथ अज्ञात व्यक्तियों की तलाश स्थल पर किए जाने पर अंधेरे का फायदा उठाते हुए आरोपी भागने लगे इस दौरान रमेश पिता शिव प्रसाद यादव निवासी अमलाई को पकड़ कर पूछताछ करते हुए रमेश यादव के निशानदेही पर स्थल से 92 नग लकड़ी की खूटी, 111 नग कांच की सीसी एवं 1101 मीटर लंबा जी, आई, तार जप्त किया गया इस दौरान शिकार के प्रयास में संबंध दो अन्य आरोपी भागने में सफल रहे जिनकी तलाश की जा रही है शिकार के प्रयास हेतु बिछाए गए जाल के आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के साथ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किए गए आरोपी रमेश यादव को कोतमा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया इस संबंध में वरिष्ठ वन अधिकारियों को घटना के संबंध में अवगत कराए जाने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार कार्यवाही की गई। देवरी बीट से लगे वन क्षेत्र में जंगली सूअर, सियार, लोमड़ी के साथ कभी-कभी भालू के साथ अन्य वन्यप्राणियों विचरण क्षेंत्र हैं। उक्त कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी कोतमा हरीश तिवारी, परिक्षेत्र सहायक कोतमा जेडी धारवे, बीट गार्ड देवरी उत्तम कुमार सिंह, बीट गार्ड लोढ़ी रमेश प्रसाद अहिरवार और अंशकालिक सुरक्षा श्रमिक धनराम प्रजापति की भूमिका सराहनी रही।

## रंगों की बौछार के बीच आपसी भाईचारे के साथ मना होली पर्व



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र में रंगो का त्यौहार होली के पावन पर्व पर लोग सुबह से ही होली के रंगो में रंगे दिखे। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली के इस पावन पर्व की गले लग कर बधाई दी। सुबह से ही राजनगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक और बाबू लाईन, सिविल दफाई, न्यू राजनगर, कमलनगर, शांतिनगर, सुभाषनगर, प्रेमनगर के गलियों में होली कि धूम देखने को मिली। छोटे छोटे बच्चों ने गली मोहल्लो में भी होली की धूम मचाई और फिल्मी गानों पर थिरकते दिखे और होली के रंगो में होली, रंग रसिया, बलम पिचकारी, रंग बरसे, जैसे होली गीतों का दिन भर दौर चला। युवाओं ने जमकर धमाल किया। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी। जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गये। मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण राजनगर में लोगों ने होली नहीं मनायी थी। इसलिए बुधवार को इसका दोगुना उत्साह देखा गया। होली के अवसर पर डीजे पर प्रतिबंध होने के कारण युवाओं ने छोटे साउंड बॉक्स पर लोकगीत बजाकर जमकर डांस किया। बच्चे अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गये। यह उत्सव देर शाम तक जारी रहा। दिन भर रंग खेलने के बाद शाम को लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर उन्हें गले लगाया। होली पर्व की शुभकामनाएं दी। राजनगर के स्कूल-कॉलेज सहित शैक्षणिक संस्थानों में होली से पहले ही कहीं फूलों की होली हुई, तो कहीं खूब अबीर-गुलाल उड़ा।

### चप्पे चप्पे पर रहा रामनगर पुलिस का कडा पहरा

रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत होली के पर्व को लेकर मंगलवार, बुधवार, गुरुवार तक पूरे दिन राजनगर कस्बा, डोला, रामनगर, पौराधार, सेमरा, आमाडांड, बरतराई तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्र सहित रामनगर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। वही कस्बा क्षेत्र कि सडकों पर थाना प्रभारी सुमित कौशिक तथा उनकी पेट्रोलिंग टीम कि पैनी नजर रही। होली के दौरान कही से भी किसी प्रकार से कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई है। रामनगर पुलिस तथा जिला प्रशासन कि सतर्कता देखते हुए होली का यह पर्व पूरी तरह से शांति और सौहार्द के साथ संपन हुआ।

### रेलवे कॉलोनी परिसर में किया गया होली मिलन का कार्यक्रम



**कोतमा।** कोतमा नगर के रेलवे कॉलोनी परिसर में होली मिलन का कार्यक्रम किया गया। समारोह में महिलाओं की विशेष सहभागिता रही। इस दौरान महिलाओं द्वारा होलिका कुंड सजाते हुए भक्तिभाव से पूजा की गई। एक दूसरे को गुलाल, अबीर लगाते हुए होली पर्व की बधाई दी गई। होली मिलन के दौरान दीप्ति जायसवाल, वंदना बरसैंया, प्रियंका ताम्रकार, छाया गुप्ता, मोना बरसैंया सहित अन्य लोग शामिल रहे। दीप्ति जायसवाल ने कहा कि होली रंगों का नहीं बल्कि एक दूसरे को जोड़ने का त्यौहार है ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम सौहार्द और शांति का संदेश देते हैं। प्रियंका ताम्रकार ने कहा कि होली एक दूसरे से मिलने का त्यौहार है, इस पर्व में लोग अपनी कड़वी यादें भुलाते हुए साथ मिलकर रहने का संकल्प लेते हैं। वंदना बरसैंया ने बताया होली खुशियों का त्यौहार है। होली के रंगों के तरह सभी के जीवन में सुख के रंग भी सजते रहे।

### नगर परिषद अध्यक्ष निवास पर होली मिलन समारोह संपन्न



**राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह के निवास वार्ड नंबर 14 प्रेमनगर कालोनी में होली मिलन समारोह का रविवार को आयोजन किया गया। इस समारोह में नगर परिषद क्षेत्र के पाषर्दगण, वरिष्ठ नागरिक, युवा, राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कर्मचारी गण, पत्रकार और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान होली मिलन समारोह स्थल पर फाग गीतों का फगुआ चल रहा था। स्थानीय फगुआ गायको द्वारा फगुआ, तथा, होली के गीत भी गाये। सभी लोगों ने खुशियां साझा की। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सद्भाव में बढ़ावा देते हैं। होली मिलन समारोह का माहौल रंग और खुशियों से सरोबार रहा। कार्यक्रम में सभी लोगों ने एक दूसरे को मिलकर अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और समाज में परिवार सद्भाव को बनाए रखने के संदेश दोहराया।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक भानु शुक्ला 25 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। दर्दनाक हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच यातायात व्यवस्थित करवाते हुए शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। वाहन जप्त कर चालक को पकड़ते हुए कार्यवाही की जा रही है। जानकारी अनुसार कोतमा भालूमाड़ा रोड के संतोषी दफाई के पास सुबह साढ़े 8 बजे भानु शुक्ला पिता शंकर शुक्ला दो पहिया वाहन से अपने घर की गली से मेन रोड पहुंचा तभी कोतमा की ओर जा रहे कार चालक के द्वारा बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि भानु शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट होने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वही कार का अगला हिस्सा भी टूट गया। थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक मयंक निवासी विकासनगर कोतमा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जांच की जा रही है। युवक की असमय मौत से परिजन सदमे में हैं।

## खबर संक्षेप



### होली गीत के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस श्री श्याम किशोर सेवा समिति के द्वारा होली पर्व को लेकर दो दिवसीय नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। शहर के कई वार्डों में जन जागरण चलाया गया गीत संगीत के माध्यम से नशा के विरोध में संदेश दिया गया। जनमानस को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर श्री श्याम किशोर सेवा समिति के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश विश्वकर्मा ने नशे के दुष्परिणाम को बताया। कार्यक्रम में महासचिव विष्णु विश्वकर्मा, संयुक्त सचिव नारायण विश्वकर्मा, जिला समन्वयक घनश्याम प्रजापति, बबलू झरिया, मनोज प्रजापति, दशरथ यादव, लखन मेहरा, आनंद बैरागी, संजय जाट, सुरजीत पटेल, पवन सराठे, दीपक ठाकुर, गिरधारी लाल, यशवंत, सोनिया, तुलसीराम मेहरा एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### डॉ. महोबे हुए सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के सुप्रसिद्ध चित्रकला के कलाकार डॉ. यतीन्द्र महोबे अनुराग्यम सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व डॉ. महोबे 26 जनवरी 2026 को सत्यमेव जयते के सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कला एवं शिल्प के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. महोबे एक शिक्षाविद्, एवं चित्रकार के रूप में क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा भारतीय कला परंपरा और समकालीन सृजन के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान अनुराग्यम द्वारा आयोजित समारोह में संस्थापक इंजी. सचिन चतुर्वेदी द्वारा प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षण संस्थानों एवं कला-जगत से जुड़े व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### निखरी ग्रामीण प्रतिभा शिक्षक के पद पर बड़ी सख्या मे हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम निवारी एवं कोसमखेड़ा से होनहार छात्र-छात्राओं की शिक्षा विभाग में शिक्षक के पद पर चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर रही। ग्राम निवारी से अंजली दीक्षित पिता अनिल दीक्षित, रक्षा पाराशर पिता महेश पाराशर, राहुल पाराशर, रामरसिक पाराशर, कोसमखेड़ा से रामाश्रय उपमन्यु, राम प्रकाश उपमन्यु, इन सभी के चयनित होने पर ग्राम मैं खुशी की लहर है एवं क्षेत्र और ग्राम का नाम रोशन करने पर सभी ग्राम वासियों एवं ईष्ट मित्रों ने इन्हें बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### समर्थन मूल्य हेतु पंजीयन 10 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि पूर्व में 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी। शासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गेहूँ पंजीयन की अवधि में वृद्धि करते हुए इसे अब 10 मार्च 2026 तक निर्धारित किया गया है।

### अफवाहों से बचें, जिले में पर्याप्त है डीजल-पेट्रोल व एलपीजी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने जिले के सभी नागरिकों को सूचित किया है कि पेट्रोलियम पदार्थ जैसे डीजल, पेट्रोल, एल.पी.जी. की आपूर्ति को लेकर विभिन्न माध्यमों से जो अफवाह एवं भ्रमित जानकारी प्राप्त हो रही है, ऐसी सभी तरह की जानकारियों से बचे। उन्होंने इस संबंध में स्पष्ट किया है कि डीजल, पेट्रोल एवं एल.पी.जी. की आपूर्ति के संबंध में ऑयल कंपनियों से जानकारी प्राप्त की गई। ऑयल कंपनी द्वारा अवगत कराया गया है कि डीजल, पेट्रोल एवं एल.पी.जी. का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और नियमित आपूर्ति जारी है। किसी भी तरह की कोई कमी या आपात की स्थिति निर्मित नहीं है। अतः डीजल, पेट्रोल एवं एल.पी.जी. उपयोगकर्ता ग्राहकों से अपील की गई है कि अनावश्यक डीजल, पेट्रोल एवं एल.पी.जी. का स्टॉक न रखे वर्तमान में जरूरत एवं खपत अनुसार ही क्रय करें। जिलें में डीजल, पेट्रोल एवं एल.पी.जी. की सप्लाई निरंतर निर्बाध जारी है।

## अनियमितता पर नोटिस जारी करने दिए निर्देश

# परीक्षा सेंटर, फसल व निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया में वार्षिक परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम कठौतिया में किसानों के खेतों में जाकर चना और मसूर की फसलों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने इसके बाद ग्राम पंचायत खुलरी में सुख-चैन नदी पर स्थित पुल, खुलरी से देगुवां तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लगभग 2.870 किलोमीटर लंबी बुधवारा से चिरचिरा तक नवनिर्मित सड़क मार्ग, आंगनबाड़ी केंद्र बुधवारा एवं प्राथमिक शाला बुधवारा का निरीक्षण किया।

### परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विकासखंड करेली के अंतर्गत एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली और केंद्र पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिससे वार्षिक परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता, अनुशासन और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके। जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के तहत शुक्रवार 6 मार्च को कक्षा 10 वीं के हिंदी और कक्षा 12 वीं के उर्दू विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई।

### नदी के किनारे अतिक्रमण व कचरा हटाएं

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले की ग्राम पंचायत खुलरी में सुख-चैन नदी पर स्थित पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पुल के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने नदी किनारे पड़े अनावश्यक कचरे और पुराने पुल के मलबे को हटाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नदी के दूसरे किनारे पर हो रहे मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए मलबा हटाना आवश्यक है, ताकि नदी का जल प्रवाह सुचारु रूप से प्रवाहित होता रहे। खुलरी से देगुवां तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए।

### अनियमितताओं पर नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने चांवरपाठा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बुधवारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार, दर्ज बच्चों की संख्या तथा उनकी उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र बुधवारा में 15 बच्चे दर्ज पाए गए, जबकि मौके पर केवल 6 बच्चे ही उपस्थित थे। इसके बावजूद उपस्थिति रजिस्टर में सभी 15 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई थी। निरीक्षण के दौरान पाया कि पोषण ट्रेकिंग एप अद्यतन नहीं था तथा पंजी संधारण में भी अनियमितताएं थीं। दर्ज संख्या की तुलना में कम बच्चे उपस्थित पाए जाने पर उन्होंने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी के साथ किया जाए और वास्तविक उपस्थिति ही दर्ज की जाए। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और विभिन्न गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। चांवरपाठा विकासखंड के प्राथमिक शाला बुधवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन को चखकर गुणवत्ता व स्वाद का भी परीक्षण किया। उन्होंने छात्र- छात्राओं से उनकी पढ़ाई-लिखाई, मध्यान्ह भोजन आदि के संबंध में संवाद किया।







### सीएम राइज स्कूल भवन का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम डोभी में लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने भवन में चल रहे विद्युतीकरण संबंधी कार्यों का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि बिजली फिटिंग में उपयोग की जाने वाली सामग्री गुणवत्तापूर्ण एवं मानक स्तर की हो। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, इससे विद्यार्थियों को बेहतर सीएम राइज स्कूल भवन उपलब्ध हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए सभी कार्य समय पर पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।

## राज्य स्तरीय शिविर के लिए स्वयंसेवकों का चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी एवं छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई दलनायिका मनीषा राजपूत एवं छात्र इकाई सह दलनायक विवेक साहू का सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर के लिए चयन हुआ इन स्वयं सेवकों के चयनित होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी द्वय ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं छात्रा एवं छात्र इकाई को बधाइयां दी। यह शिविर दिनांक 8 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है शिविर में मनीषा राजपूत एवं विवेक साहू के चयनित होने पर कार्यक्रम अधिकारियों ने कहा कि शिविर में स्वयंसेवकों का चयन हमारी इकाई के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और यह उपलब्धि आने वाले समय में अन्य स्वयंसेवकों को भी प्रेरित करेगी कि वे सेवा और नेतृत्व के पद पर निरंतर आगे बढ़ते रहें।



## यू.पी.एस.सी. परीक्षा में एसडीएम पूजा सोनी को मिली 249 वीं रैंक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी तेंदूखेड़ा सुश्री पूजा सोनी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) की परीक्षा में 249 वीं रैंक प्राप्त करने पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प के बल पर सुश्री पूजा सोनी ने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उनकी यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायी है कि निरंतर प्रयास और लगन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कलेक्टर ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह अपनी प्रतिभा व कार्यक्षमता से देश और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। सुश्री पूजा सोनी की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## सड़कों पर बिखरी निर्माण सामग्री से राहगीर परेशान



**गोटेगांव।** नगर के विभिन्न वार्डों में इन दिनों सड़कों पर फैलाई जा रही निर्माण सामग्री लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। कई स्थानों पर मकान और दुकानों के निर्माण के दौरान रेत, गिट्टी, ईंट और सीमेंट सीधे सड़क पर ही डाल दिए जाते हैं।इसके कारण सड़कें संकरी हो गई हैं और दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों तथा स्कूली बच्चों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़कों पर फैली सामग्री के कारण कई जगह जाम की स्थिति भी बन जाती है।लोगों का यह भी कहना है कि आपातकालीन स्थिति में यदि एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड को किसी गली में जाना पड़े, तो इस तरह की बाधाएं गंभीर समस्या बन सकती हैं। इसके बावजूद नगर पालिका और संबंधित विभाग इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ सख्त नियम बनाए जाएं और उन पर जुर्माना लगाया जाए, ताकि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण रोका जा सके।

## दुख की होली में शामिल हुए आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज

**गोटेगांव। होली के पावन पर्व पर जहां एक ओर नगर में रंग-गुलाल और उल्लास का वातावरण है, वहीं दूसरी ओर परंपरा अनुसार समाजजन उन परिवारों के घर पहुंचकर दुख की होली भी मनाते हैं, जिनके घर पिछले समय में किसी प्रियजन का देवलोक गमन हुआ हो। इसी क्रम में शुक्रवार को आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज नगर में विभिन्न परिवारों के यहां पहुंचे और शोकग्रस्त परिवारों के साथ दुख की होली में शामिल होकर उन्हें सांत्वना दी।**





इस दौरान आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज समाजसेवी रघुनाथ राय के निवास पर भी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व रघुनाथ राय की माताजी का देवलोक गमन हो गया था। महाराज श्री ने परिवारजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महाराज श्री के आगमन पर परिवारजनों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने भी शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और पारंपरिक रूप से गुलाल लगाकर दुख की होली की परंपरा का निर्वहन किया। आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्व केवल आनंद का ही नहीं बल्कि सामाजिक संवेदना और सहभागिता का भी प्रतीक है। ऐसे अवसरों पर समाज का एकजुट होकर दुखी परिवारों के साथ खड़ा होना हमारी परंपरा की विशेषता है। इस दौरान परिवारजन, समाजसेवी और क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## सड़क किनारे मृत गोवंश फेंकने से ग्रामीण त्रस्त, बीमारी फैलने की आशंका

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रहली में सड़क किनारे लावारिस हालत में पड़े मृत गोवंश से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। कई घंटों से सड़क किनारे पड़े शव से उठ रही तीव्र दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग से गुजरते समय लोगों को नाक ढककर निकलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि अज्ञात लोग मृत मवेशियों को खुले में सड़क किनारे फेंक देते हैं, जिससे क्षेत्र का वातावरण दूषित हो रहा है। इससे न केवल धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं, बल्कि संक्रमण और बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ जाता है।ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रशासन से मृत पशु का तत्काल निस्तारण कराने और इस तरह की घटनाओं में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## तेंदूखेड़ा को आवश्यकता है पर्याप्त पुलिस बल की

### हमेशा खलती है कमी

**तेंदूखेड़ा।** तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में पर्याप्त पुलिस बल की काफी लंबे समय से आवश्यकता बनी हुई है। तुलनात्मक दृष्टि से यदि देखा जाए तो तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा का यह पुलिस थाना 84 ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। संपूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए तीन तीन न्यायालयों में पुलिस से संबंधित प्रकरणों को समय पर पुलिस कर्मियों के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना फिर मुख्यालय पर आने वाले फरियादियों को सुनने से लेकर एक बड़े बल की जरूरत हमेशा से यहां पर देखी जा रही है। सीमित बल पुलिस प्रकरणों को समय में निपटाने के साथ विभिन्न अभियानों में अपनी सलंग्नता को लेकर हमेशा अपने आप में कमी महसूस करती है। हमेशा इस विषय को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी क्षेत्रीय लोगों द्वारा होने वाली बैठकों के माध्यम से रखी जाती है।केवल आश्वासनों का झुनझुना की थमा दिया जाता है। जबकि पड़ोसी थानों और चौकियों की यदि हम तुलना करें तो उन थानों में गांव भी बहुत कम मात्रा में हैं और वहां पुलिस बल भी पर्याप्त है। लेकिन तेंदूखेड़ा में बल की कमी हमेशा चर्चाओं में बनीं रहती है। और बल की कमी के चलते पदस्थ सीमित स्टाप अवैधानिक गतिविधियों पर लगाम लगाने में अपने आप को उचित प्रदर्शन भी नहीं कर पाते हैं।




### ककरा घाट पर नियमित पुलिस बल की जरूरत

तेंदूखेड़ा से ककरा घाट होकर गाडरवारा सड़क मार्ग दिन-रात चला करता है। विभिन्न प्रांतों के लोग भी यहां से आवागमन किया करते हैं। वहीं गाडरवारा रेल्वे स्टेशन से तेंदूखेड़ा तरफ मुसाफिर वर्ग ज्यादा तर आता जाता है। वैसे पूर्णिमा और अमावस्या पूर्व विशेष पर पुलिस बल तैनात तो रहता है लेकिन हमेशा 24 घंटे बल तैनात रहेगा तो निश्चित तौर पर अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों में भय का वातावरण बना रहेगा। चूंकि यहां पर एक भवन भी पूर्व में बनकर तैयार खड़ा हुआ है।

### डोभी सहायता केन्द्र सुचारू हो

डोभी एक दर्जन से भी अधिक ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। पूर्णतः कृषि उपज पर आश्रित क्षेत्र है। यहां पर एक पुलिस सहायता केंद्र प्रारंभ तो किया गया था लेकिन कुछ ही समय तक चल सका जिसका कारण भी पुलिस बल की कमी ही रहा है। यहां पुलिस सहायता केंद्र खुले रहने से इस क्षेत्र में जहां शांति व्यवस्था कायम रहेगी वहीं इस क्षेत्र के फरियादियों को दस किलोमीटर दूर तक तेंदूखेड़ा थाने में नहीं भटकना नहीं पड़ेगा।